PIONEER (HINDI), Lucknow, 30.11.2018

Page No. 11, Size:(8.85)cms X (12.49)cms.

बीएसएनएल के 3,000 ग्राहक सेवा केंद्रों पर जल्द ही उपलब्ध होगी आधार सेवा

एजेंसी। नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के 3,000 ग्राहक सेवा केंद्रों पर जल्द ही आधार पंजीकरण और अद्यतन कराने की सुविधा उपलब्ध होगी।

कंपनी के चेयरमैन अनुपम श्रीवास्तव ने बृहस्पतिवार को जानकारी दी कि इस परियोजना पर करीब 90 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इसके साथ ही बीएसएनएल बैंकों एवं डाकघरों के साथ उन संस्थाओं में शामिल हो गई, जो आधार सेवाओं की पेशकश करती हैं। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने इन संस्थाओं को आधार पंजीकरण एवं अद्यतन करने के लिए अधिकृत किया है।

श्रीवास्तव ने बताया कि इसके लिए तंत्र तैयार करने में करीब तीन महीने का समय लगेगा और उपकरणों की खरीद में 90 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इस काम में यूआईडीएआई दूरसंचार सेवा प्रदाता की मदद करेगा।

उन्होंने कहा, उपकरणों की खरीद की प्रक्रिया अब शुरू होगी और आधार सेवा उपलब्ध कराने वाला पहला ऐसा केंद्र संभवत: एक जनवरी से काम करना शुरू कर देगा।

यूआईडीएआई के सीईओ अजय भूषण पाण्डेय ने संपर्क किए जाने पर कहा, अधिक केंद्रों से लोगों को ज्यादा आसानी होगी क्योंकि अभी अधिकतर लोगों के पास आधार है...उन्हें पता या अन्य विवरण उपलब्ध कराने के लिए ऐसे केंद्रों की जरूरत होगी। इसलिए बड़ी संख्या में लोगों के पास अद्यतन कराने की सुविधा उपलब्ध होगी।